# <u>बीडीएल के निदेशक द्वारा पदभार ग्रहण</u>



**श्री के दिवाकर**

निदेशक (तकनीकी), बीडीएल

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालयाधीन के मिनी रत्न,श्रेणी-1 सार्वजिनक उपक्रम, भारत डायनामिक्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) पद पर श्री कप्पागुंतुला दिवाकर ने आज पदभार ग्रहण किया.

इस नयी नियुक्ति के पहले वे बीडीएल के महाप्रबंधक (अभिकल्प एवं इंजिनीयरिंग) पद पर सेवारत रहे.

श्री के दिवाकर ने जवाहरलाल नेहरु तकनीकी विश्वविद्यायल से मेकानिकल इंजीनिरिंग में बी टेक तथा सेंट्रल इंस्टिटुट आफ टूल डिज़ाइन हैदराबाद से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है.

श्री के दिवाकर को मिसाइल उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में 28 साल का विस्तृत अनुभव प्राप्त है. बीडीएल विशाखापट्टणम के नेवल प्रभाग को स्थापित करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है तथा भारतीय नौ सेना के लिए टारपिडो का सफलतापूर्वक उत्पादन कराने में भी प्रमुख योगदान दिया है. इससे पहले वे मिलान मिसाइल, पुनःसज्जीकरण तथा विस्फोटक प्रभाग के प्रभारी रहे. इन्होंने बीडीएल भानूर के कार्यकाल के दौरान वारहेड, प्रोपेलेण्ट के देशीकरण पर काम किया और इनके देशीकरण प्रयासों के लिए इन्हें सम्मानित भी किया गया. देशीकरण के लिए देश में इनके द्वारा किये गये प्रयासों से अमूल्य विदेशीमुद्रा में काफी बचत हुई

बीडीएल में कामकाज से पूर्व वे लगभग छः साल तक इंडियन टेलिफोन इंडस्ट्रीस, रायबरेली में काम किया है.